तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार 21 मार्च 2026

[ खरसिया | सारंगढ़ | घरघोड़ा | धरमजयगढ़ | पुसौर | बरमकेला | लैलूंगा | तमनार ]

4 शिविर में बनाए गए लर्निंग लाइसेंस श्रम कार्ड, सैकड़ों को मिला लाभ



**खबर संक्षेप**

## संविदा पदों पर भर्ती के लिए 7 अप्रैल तक आवेदन

**रायगढ़।** राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत जनपद पंचायतों में संविदा के आधार पर विभिन्न पदों पर भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। इसके तहत विकास खंड परियोजना प्रबंधक के 4 पद एवं क्षेत्रीय समन्वयक के 3 पदों पर नियुक्ति की जाएगी। इन पदों के लिए इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। अभ्यर्थी अपने आवेदन 7 अप्रैल को तक जिला पंचायत में पंजीकृत डाक या स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेज सकते हैं।

## अवकाश के दिनों में भी खुले रहेंगे पंजीयन कार्यालय

**रायगढ़।** मार्च माह के अंतिम सप्ताह में आने वाले शासकीय अवकाशों के दौरान भी उप.पंजीयक कार्यालय खुले रहेंगे। 22 मार्च चतुर्थ रविवार 28 मार्च अंतिम शनिवार 29 मार्च अंतिम रविवार एवं 31 मार्च महावीर जयंती के दिन भी भूमि एवं संपत्ति से संबंधित पंजीयन कार्य नियमित रूप से किया जाएगा। इसके साथ ही जिला कोषालय एवं उप.कोषालय भी खुले रहेंगे जिससे पंजीयन से प्राप्त शुल्क का तत्काल जमा सुनिश्चित किया जा सके। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने बताया कि राजस्व लक्ष्य को पूरा करने के उद्देश्य से अवकाश के दिनों में भी पंजीयन कार्य जारी रखा जाएगाए ताकि आम नागरिकों को सुविधा मिल सके और शासन को अधिकतम राजस्व प्राप्त हो। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित हों और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। साथ ही भारतीय स्टेट बैंक को भी निर्देशित किया गया है।

## 22 को होगी साक्षरता मूल्यांकन परीक्षाएं

**रायगढ़।** शिक्षा व्यक्ति का जीवन बदलने की सबसे महत्वपूर्ण कुंजी है। समाज का कोई भी व्यक्ति अज्ञानता के अंधेरे में न रहेए यह हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी और सामाजिक दायित्व है। हम सब मिलकर यह सुनिश्चित करें कि हमारे आसपास, मोहल्ले, गांव और बस्तियों में एक भी व्यक्ति निरक्षर न रहे। उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रमए नई शिक्षा नीति के तहत संचालित एक महत्वपूर्ण पहल हैए जिसका उद्देश्य समाज में आजीवन सीखने की भावना विकसित करनाए शिक्षा को सभी के लिए सुलभ बनाना तथा निरक्षरों को साक्षर बनाकर उन्हें ज्ञान और कौशल से जोड़ना है। इसी क्रम में कार्यक्रम से जुड़े शिक्षार्थियों के लिए बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा एफएलएनएटी का आयोजन आगामी 22 मार्च दिन रविवार को किया जाएगा। परीक्षा में शिक्षार्थी अपनी सुविधा अनुसार प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे के बीच शामिल हो सकते हैं, जिसके लिए प्रत्येक शिक्षार्थी को 3 घंटे का समय दिया जाएगा। कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा है कि इस अभियान में सहभागी बनें और अधिक से अधिक लोगों को परीक्षा में शामिल होने के लिए प्रेरित करेंए ताकि जिले को पूर्णतः साक्षर बनाया जा सके।

### हर साल गर्मी सीजन में पानी के लिए होती है दिक्कत

# दिनों-दिन गिर रहा जलस्तर, इस गर्मी फिर मचेगा पानी के लिए हाहाकार



**पुसौर में सबसे ज्यादा 25-45 मीटर पहुंचा, सेमी क्रिटीकल जोन में है पुसौर**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अभी ठीक से गर्मी लगी है नहीं है, लेकिन जिले के कुछ ब्लॉकों में जल स्तर पाताल पहुंच चुका है। ऐसे हालात में इस बार पानी के लिए हाहाकार मचने वाली है। सबसे ज्यादा दिक्कत पुसौर ब्लॉक में होने वाली है। यह ब्लॉक सेमी क्रिटीकल जोन में आता है। यहां अभी से जल स्तर 25-45 मीटर तक नीचे गिर चुका है। हर बार गर्मी के महीने में वैकल्पिक व्यवस्था से लोगों की प्यास बुझाई जाती है।

अभी मौमस के उतार-चढ़ाव की वजह से गर्मी का एहसास नहीं हो रहा है, लेकिन जल स्तर को देखें तो काफी नीचे चला गया है। बीते अगस्त से अब तक के आंकड़ों पर गौर करें तो कहीं 3 तो कहीं 23 मीटर नीचे चला गया है। ऐसे में जून तक स्थिति काफी चिंताजनक होने की संभावना जताई जा रही है। दूसरी ओर जल संरक्षण का उपाय जिले में होंता ही नहीं है। जल संसाधन और पीएचई विभाग को इसके लिए ध्यान देता ही नहीं है। केवल नगरनिगम की ओर से ही निगम क्षेत्र में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को लेकर कुछ पहल करता है, लेकिन वह भी केवल कुछ फीसदी। इसके कारण जल स्तर हर साल गर्मी में गिरने लगती है।

**तमनार और घरघोड़ा में स्थिति चिंताजनक**

तमनार और घरघोड़ा में प्लांटों के कारण भू जल स्तर पहले से ही पाताल पहुंच चुका है। तीन महीने के अंतराल में ही जल स्तर कापी नीचे गिर चुका है। इससे हालात का अंदाजा लगाया जा सकता है। जानकारी के अनुसार अब गांवों में हैंण्डपंप भी बंद होने लगे हैं। हालांकि अब गांवों में जल जीवन मिशन का पानी भी मिलने गलगी है।

**अभी ऐसे हैं जल स्तर के हालात**

| ब्लॉक | जल स्तर मी. (मार्च की स्थिति में ) |
|---|---|
| रायगढ़ | 23-30 |
| पुसौर | 25-45 |
| खरसिया | 21-45 |
| घरघोड़ा | 20-34 |
| तमनार | 24-32 |
| लैलूंगा | 15-40 |
| धरमजयगढ़ | 21-35 |

## गांजा परिवहन करते आरोपी गिरफ्तार, दो किलो जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जूटमिल पुलिस द्वारा गोगा मंदिर चौक पर नाकेबंदी कर गांजा परिवहन करते एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति काले रंग की बिना नंबर प्लेट की एचएफ डिलक्स बाइक से ओडिशा की ओर से गांजा लेकर बिक्री हेतु जूटमिल क्षेत्र आ रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए जूटमिल पुलिस टीम द्वारा गोगा मंदिर चौक पर नाकेबंदी की गई। नाकेबंदी के दौरान गुलाबी टी.शर्ट पहने एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में मोटरसाइकिल से आता दिखाई दिया, जिसे रोककर पूछताछ करने पर उसने अपना नाम शिव कुमार प्रजापति पिता दशरथ प्रसाद प्रजापति उर्फ दसुवा उम्र 32 वर्ष निवासी गोरा गांव वार्ड क्रमांक 19 थाना मरपाटन जिला सतना मध्यप्रदेश का होना बताया। तलाशी लेने पर आरोपी के बाइक के हैंडल में लटके प्लास्टिक थैले के भीतर 2 किलो 70 ग्राम गांजा बरामद किया गया। आरोपी से गांजा तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल कीमत लगभग 25 हजार जब्त कर थाना जूटमिल में धारा 20बी एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।



आरोपी।

### आईटीआई की संयुक्त परीक्षा 1 से 10 अप्रैल तक

**रायगढ़।** राज्य व्यवसायिक परीक्षा एससीव्हीटी एवं हायर सेकेण्डरी व आईटीआई की संयुक्त पूरक परीक्षा अप्रैल 2026 की परीक्षा समय सारणी जारी कर दी गई है। एससीव्हीटी एवं हायर सेकेण्डरी व आईटीआई की संयुक्त पूरक पात्र प्रशिक्षणार्थी जिनके प्रयास शेष हैए उक्त परीक्षा में सम्मिलित होगें। एसण्सीव्हीटी, एवं हायर सेकेण्डरी एवं आईटीआई की संयुक्त परीक्षा अप्रैल 2026 की परीक्षा 1 से 10 अप्रैल तक संपन्न होना नियत है।

## भाई के हत्यारे को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

अपर सत्र न्यायाधीश अभिषेक शर्मा ने हत्या के आरोपी खेमराज यादव को उसके भाई पीतांबर यादव की हत्या कर दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई एवं अर्थ दंड से दंडित किया। मामले का संक्षिप्त विवरण बताते हुए अपर लोक अभियोजक राजेशसिंह ठाकुर ने बताया कि मामला थाना धरमजयगढ़ के ग्राम रामपुर की है। मृतक पीतांबर एवं आऱोपी खेमराज यादव सगे भाई हैं जिनके बीच जमीन बंटवारा हो गया था, किन्तु आरोपी खेमराज अपने छोटे भाई पीतांबर यादव को महुआ पेड़ के बटवारे पर विवाद करता था। थाना धरमजयगढ़ के अनुसार मृतक पीतांबर के पुत्र मनोज यादव ने थाना धरमजयगढ़ में रिपोर्ट दर्ज कराई की गांव के कुधरी डॉड़ में महुआ का पेड़ है, घटना के दिन वह अपने माता-पिता के साथ महुआ बीनने के लिए गया था उसकी छोटी बहन और छोटा भाई भी महुआ बिने गए थे। जब ये लोग महुआ बीन रहे थे तभी उसके मंझले बड़े पिता आरोपी खेमराज यादव आया और महुआ को नहीं बीनने दूंगा कहकर उसके पिता को महुआ को मत उठाओ नहीं तो पुराना बदला लूंगाए सबको जान से मार दूंगा कहकर अपने छोटे भाई पितांबर यादव के पेट में चाकू से मारा जिससे पीतांबर यादव के पेट में गंभीर चोट आई और वहीं पर गिर गया और घटनास्थल पर ही उसकी मृत्यु हो गई। सूचना कर्ता की सूचना के आधार पर थाना धरमजयगढ़ में अपराध पंजीकृत कर तत्कालीन विवेचना अधिकारी उपनिरीक्षक राम आधार उपाध्याय के द्वारा विवेचना प्रारंभ की गई तथा सभी सबूत को एकत्रित कर अभियुक्त खेमराज यादव के विरुद्ध धारा 302 के तहत अभियोग पत्र तैयार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था। अपर सत्र न्यायालय घरघोड़ा ने प्रकरण में सुनवाई करते हुए मामले के सभी गवाहों के बयान दर्ज किए गए तथा उभय पक्ष के बहस श्रवण करने के पश्चात विद्वान न्यायालय ने अभियुक्त खेमराज यादव को अपने छोटे भाई पीतांबर यादव की हत्या करने का दोषी ठहराया और उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई।



## तीन सटोरिए पकड़े गए, नकद व सट्टापट्टी जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर सट्टा पट्टी लिखने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। जिसमें तीन आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ा गया है। कोतवाली थाना क्षेत्र के रेलवे बंगलापारा में पुलिस टीम ने रेड मारी। जहां पुलिस को देखकर भीड़ भाग गई। मौके पर मिले छबिराम धीवर को पकड़कर पूछताछ की गई। आरोपी ने कबीर चौक जूटमिल निवासी सट्टा खाईवाल पप्पू बरेठ के लिए सट्टा लिखना स्वीकार किया। दीनदयाल साहू खाईवाल पप्पू बरेठ का मैनेजर द्वारा सट्टा रकम के लेन-देन में सहयोग करना बताया। आरोपी के विरुद्ध पुलिस ने छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 06 के तहत कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है, जबकि पप्पू बरेठ एवं दीनदयाल साहू दोनों निवासी कबीर चौंक जूटमिल फरार हैं। बेलादुला मरीन ड्राइव में साइबर और चक्रधरनगर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मो. एजाज और राजेश देवांगन को सट्टा पट्टी लिखते पकड़ा गया। आरोपियों के कब्जे से मोबाइल, सट्टा पट्टी 1800 रुपए एवं नगदी रकम 710 रुपए जब्त की गई। आरोपियों ने मधुबनपारा निवासी सट्टा खाईवाल सहनावाज मालिक उर्फ सानू के लिए सट्टा लिखना स्वीकार किया। मोबाइल के माध्यम से लेन देन करने थे। न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है, जबकि आरोपी सहनावाज मालिक फरार है, जिसकी पतासाजी की जा रही है।



## फेफड़ों और श्वास रोगों पर जागरूकता के लिए स्वास्थ्य परामर्श शिविर

**रायगढ़।** राज्य में चल रहे टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत फेफड़ों एवं छाती से जुड़ी बीमारियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर प्रत्येक रविवार को दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगा। जिसमें मरीजों का निःशुल्क पंजीयन एवं परामर्श किया जाएगा। शिविर में बार-बार सर्दी.खांसी, अस्थमा, सीओपीडी, निमोनिया, टीबी, एलर्जी, सांस फूलना, पैरों में सूजन, घबराहट तथा छाती से जुड़ी अन्य समस्याओं के लिए विशेषज्ञ परामर्श उपलब्ध रहेगा।

## 20 गावों के डेढ़ सौ से अधिक किसानों को दिया गया प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण



**रायगढ़।** तमनार क्षेत्र के किसानों को प्राकृतिक खेती करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से छर्राटांगर में दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र के करीब 20 गांवों के डेढ़ सौ से अधिक किसान शामिल हुए। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिंदल फाउंडेशन के साथ मिलकर छर्राटांगर में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सांसद राधेश्याम राठिया की पत्नी नींद्रावती राठिया थीं। अन्य अतिथियों में कृषि विज्ञान केंद्र रायगढ़ के प्रमुख व वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. बीएस राजपूत, वैज्ञानिक डा. केके पैकरा, एसडीओ क्षि इंदकुमार भगत, प्रभाष सिंहए श्रीकांत आदि उपस्थित थे। प्रशिक्षण में प्राक्तिक खेती शोध संस्था जबलपुर के संस्थापक ताराचंद बेरजी भी उपस्थित थे।

## पंचपारा स्कूल के छात्रों ने हासिल की शानदार सफलता

**रायगढ़।** पुसौर विकासखंड में युवाओं को भारतीय संस्कृति, गौरवशाली इतिहास, महान विभूतियों एवं धर्म.कर्म के वैज्ञानिक आधार से परिचित कराने हेतु अखिल भारतीय विश्व गायत्री परिवार एवं विद्या भारती द्वारा एक ज्ञानवर्धक परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा का मुख्य उद्देश्य छात्रों में भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों, इतिहास और आध्यात्मिक विरासत के प्रति जागरूकता विकसित करना था। इस प्रतियोगिता में शासकीय माध्यमिक शाला पंचपारा के छात्र विश्वनाथ पाव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिला स्तर पर तृतीय एवं विकासखंड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय, संकुल एवं पूरे विकासखंड का नाम गौरवान्वित किया।

## तालाब सौंदर्यीकरण का महापौर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

नगर निगम क्षेत्र में जारी विकास कार्यों की निगरानी के तहत महापौर जीवर्धन चौहान ने वार्ड क्रमांक 32 एवं 34 फटहामुड़ा क्षेत्र का दौरा कर निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सीसी रोड निर्माण एवं तालाब सौंदर्यीकरण कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान महापौर श्री चौहान फटहामुड़ा अंबेडकर नगर रोड पहुंचेए जहां लगभग 4.5 लाख रुपए की लागत से बन रही सीसी रोड का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों और ठेकेदार को निर्माण कार्य पूरी पारदर्शिता और निर्धारित मानकों के अनुरूप करने निर्देशित किया। इसके बाद महापौर जीवर्धन ने फतटहामुड़ा तालाब में चल रहे सौंदर्यीकरण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने आम नागरिकों को जल्द ही बेहतर सुविधाएं मिल सके इसके लिए कार्य में तेजी लाने और समयसीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। महापौर श्री चौहान ने कहा कि राज्य के वित्तमंत्री ओपी चौधरी की मंशा के अनुरूप नगर निगम द्वारा शहर के सभी 48 वार्डों में तेजी से विकास कार्य कराए जा रहे हैं। प्रत्येक वार्ड में टिकाऊ एवं गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य सुनिश्चित करना प्राथमिकता है। तालाबों का सौंदर्यीकरण शहर की सुंदरता बढ़ाने के साथ पर्यावरण संरक्षण में भी अहम भूमिका निभाता है। इस दौरान उन्होंने विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की अनुशंसा करने की चेतावनी दी। निरीक्षण के दौरान कार्य से संबंधित ठेकेदार एवं इंजीनियर उपस्थित थे।





## खबर संक्षेप

### प्रभावित परिजन हेतु 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। सन्ना तहसील अंतर्गत ग्राम महुआ निवासी स्व.लोढो राम का सांप के काटने से 21 अप्रैल 2025 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारिस उनके पत्नी बिहानी बाई हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### शासकीय आवास गृह हेतु किराया निर्धारित

**जशपुरनगर।** लोक निर्माण विभाग द्वारा जशपुर जिले में संविदा अधिकारियों-कर्मचारियों को आवंटित शासकीय आवास गृह का किराया निर्धारित किया गया है। जिसके अनुसार ई-टाईप शासकीय आवास हेतु 7600, जी-टाईप शासकीय आवास हेतु 5500, एच-टाईप शासकीय आवास हेतु 3900 एवं आई-टाईप शासकीय आवास हेतु 3000 रुपए मासिक किराया निर्धारित है। संविदा अधिकारी-कर्मचारी को शासकीय आवास गृह आबंटित किया गया है तो निर्धारित किराया ''मुख्य व उप-मुख्य शीर्ष 0216 आवास 01 सरकारी रिहायशी भवन में चालान के माध्यम से प्रतिमाह जमा कर कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी कार्यालय जशपुर को जानकारी उपलब्ध कराना होगा। निर्धारित मासिक किराया प्रतिमाह जमा नहीं किये जाने की स्थिति में संबंधित अधिकारी-कर्मचारी के विरुद्ध नियमानुसार बेदखली की कार्यवाही की जाएगी।

### बिना किसी चिंता के घर में मिल रही बिजली



**जशपुरनगर।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना ने जशपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में ऊर्जा आत्मनिर्भरता की नई राह खोल दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कुशल और दूरदर्शी नेतृत्व में इस योजना का प्रभावी क्रियान्वयन जिले में किया जा रहा है, जिससे आम नागरिकों को प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है। बगीचा विकासखंड के ग्राम चम्पा निवासी श्री कोइरा राम इसकी एक सशक्त उदाहरण हैं। उन्होंने अपने घर में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत 2 किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल स्थापित कराया है। कोइरा राम बताते हैं कि सोलर पैनल लगने से पहले उन्हें हर महीने अधिक बिजली बिल चुकाना पड़ता था, जिससे घरेलू खर्च पर अतिरिक्त बोझ पड़ता था। लेकिन सोलर पैनल लगने के बाद उनका बिजली बिल शून्य हो गया है और अब वे बिना किसी चिंता के बिजली का उपयोग कर पा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सोलर पैनल स्थापना की कुल लागत लगभग 1.20 लाख रुपये आई, जिसमें शासन की ओर से 90 हजार रुपये की सब्सिडी प्राप्त हुई।

### बिजली बिल भुगतान समाधान योजना लागू

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ शासन ने राज्य के बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देते हुए मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना 2026 लागू किया हैं। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा संचालित इस योजना के तहत बीपीएल, घरेलू तथा कृषि श्रेणी के बकायादार उपभोक्ताओं को बिजली बिल की मूल राशि और अधिभार (सरचार्ज) में विशेष छूट प्रदान की जा रही है। यह योजना 30 जून 2026 तक प्रभावी रहेगी। योजना का उद्देश्य लंबे समय से लंबित बिजली बिलों का समाधान करना तथा उपभोक्ताओं को आर्थिक राहत प्रदान करना है। योजना के माध्यम से उपभोक्ताओं को सरचार्ज में 100 प्रतिशत तक छूट तथा मूल बकाया राशि में भी श्रेणी के अनुसार राहत दी जाएगी। जिससे वे आसानी से अपने बकाया बिजली बिल का भुगतान कर सकें।

## 30 मिनट की झमाझम ने थाम दी शहर की रफ्तार

# जशपुरनगर में बेमौसम बारिश का कहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

शुक्रवार की शाम अचानक बदले मौसम ने शहरवासियों को हैरान कर दिया। शाम करीब 4:30 बजे शुरू हुई तेज झमाझम बारिश ने महज कुछ ही मिनटों में पूरे शहर की रफ्तार थाम दी। आसमान में छाए काले बादलों के बीच तेज बारिश और ठंडी हवाओं ने माहौल बदल दिया, लेकिन इसके साथ ही जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया।

- सड़कों पर जलभराव, किसान चिंतित, बीमारियों का खतरा बढ़ा

बारिश इतनी तेज थी कि करीब आधे घंटे में ही शहर के कई प्रमुख मार्गों पर पानी भर गया। बस स्टैंड, मुख्य बाजार, और अंदरूनी सड़कों पर जलभराव की स्थिति बन गई, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई जगहों पर नालियों की सफाई नहीं होने के कारण पानी सड़कों पर ही जमा हो गया, जिससे प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।




### खेती पर संकट, किसानों की बढ़ी चिंता

बेमौसम बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। इस समय कई फसलें कटाई के लिए तैयार हैं, ऐसे में बारिश से फसल गिरने, सड़ने और गुणवत्ता खराब होने का खतरा बढ़ गया है। खेतों में पानी भरने से फसलों को नुकसान होने की आशंका है। किसानों का कहना है कि अगर बारिश का सिलसिला जारी रहा तो उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।

### प्रशासन की तैयारियों की खुली पोल

बारिश ने शहर की व्यवस्थाओं की भी पोल खोल दी है। नालियों की सफाई और जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बनी। लोगों ने नगर प्रशासन से समय रहते व्यवस्थाएं दुरुस्त करने की मांग की है।

### राहत भी, आफत भी

एक ओर जहां इस बारिश ने भीषण गर्मी से राहत दी है, वहीं दूसरी ओर यह बारिश लोगों के लिए आफत बनकर आई है। जनजीवन प्रभावित हुआ है, स्वास्थ्य पर खतरा मंडरा रहा है और किसानों के सामने संकट खड़ा हो गया है।

### अचानक थमी रफ्तार जहां थे वहीं थमे लोग

बारिश शुरू होते ही लोग जहां थे, वहीं रुकने को मजबूर हो गए। बाजार में खरीदारी कर रहे लोग दुकानों और शेड के नीचे पनाह लेते नजर आए, वहीं स्कूल से लौट रहे बच्चे भीगते हुए घर पहुंचे। दफ्तरों से निकलने वाले कर्मचारी भी बारिश थमने का इंतजार करते दिखे।

तापमान में गिरावट, ठंडक बढ़ी इस बारिश के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। दिनभर की उमस और गर्मी के बाद अचानक आई ठंडक ने लोगों को राहत तो दी, लेकिन मौसम में आए इस बदलाव ने स्वास्थ्य को लेकर चिंता भी बढ़ा दी है।

### स्वास्थ्य पर असर, सर्दी खांसी का खतरा बढ़ा

मौसम के इस उतार-चढ़ाव का सीधा असर लोगों की सेहत पर पड़ सकता है। डॉक्टरों के अनुसार इस तरह के मौसम में वायरल संक्रमण, सर्दी, खांसी और बुखार के मरीज बढ़ सकते हैं। बच्चों, बुजुर्गों और पहले से बीमार लोगों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है।




## महिला कार्यकर्ताओं ने विधानसभा घेराव में दर्ज कराई उपस्थिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

राजधानी में 17 मार्च को हुए विधानसभा घेराव में जशपुर जिले की महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिस आक्रामक तेवर और एकजुटता का प्रदर्शन किया, उसने सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। जिले से पहुंची महिला कार्यकर्ताओं ने न सिर्फ अपनी भागीदारी दर्ज कराई, बल्कि आंदोलन के दौरान बेरिकेट्स तोड़ते हुए आगे बढ़कर संघर्ष का नेतृत्व भी किया। महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष प्यारी कुजूर के नेतृत्व में ग्रामीण जिला अध्यक्ष सफीरा टोप्पो, उर्मिला भगत, अल्मा लकड़ा, जसिंता लकड़ा, अंजना मिंज, चंद्रप्रभा, कौशल्या गुप्ता, रत्ना पैकरा और फुलकिरिया भगत ने आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई। प्रदर्शन के दौरान इन महिलाओं का जोश, नारों की गूंज और आगे बढ़ने की जिद साफ तौर पर नजर आई।

## रोलिंग रॉड से लदा ट्रेलर पुलिया पर पलटा

**जशपुरनगर।** जिले के कुनकुरी थाना क्षेत्र अंतर्गत खारीझरिया स्थित श्रीनदी पुल पर देर रात एक बड़ा सड़क हादसा हो गया, जिसमें रोलिंग रॉड से लदा एक भारी ट्रेलर अनियंत्रित होकर पुल के बीचों-बीच पलट गया।

हादसा इतना जोरदार था कि ट्रेलर ने पुल की रेलिंग को भी तोड़ दिया और पूरी तरह सड़क पर फैल गया, जिससे मार्ग पूरी तरह बाधित हो गया। प्राथमिक जानकारी के अनुसार, घटना आधी रात के आसपास की बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि ट्रेलर चालक को चलाते समय झपकी आ गई, जिससे वाहन पर नियंत्रण बिगड़ गया और यह हादसा हो गया। हालांकि इस गंभीर दुर्घटना में राहत की बात यह रही कि ट्रेलर में सवार चालक और खलासी दोनों सुरक्षित हैं और उन्हें किसी प्रकार की चोट नहीं आई है। हादसे के बाद से कुनकुरी-तपकरा मुख्य मार्ग पूरी तरह जाम हो गया है। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई, जिससे राहगीरों और यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। रातभर से लोग जाम में फंसे हुए हैं और सुबह तक भी स्थिति सामान्य नहीं हो पाई है। घटना की सूचना मिलते ही कुनकुरी पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को संभालने में जुट गई है।



### ट्रेलर हटा यातायात बहाल करने के प्रयास में लगा पुलिस प्रशासन

पुलिस द्वारा ट्रेलर को हटाने और यातायात बहाल करने के प्रयास लगातार जारी हैं। स्थानीय प्रशासन भी स्थिति पर नजर बनाए हुए है। फिलहाल मार्ग को जल्द से जल्द चालू करने की कोशिश की जा रही है, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

## अग्निवीर भर्ती 2026 युवाओं के लिए सुनहरा अवसर

**जशपुरनगर।** भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती 2026 अंतर्गत युवाओं के लिए महत्वपूर्ण अवसर सामने आया है। संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा अग्निवीर भर्ती हेतु 13 फरवरी से 1 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। इच्छुक अभ्यर्थी भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के अनुसार पंजीकृत अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम का आयोजन संभावित रूप से 1 जून से 15 जून के बीच किया जाएगा। अभ्यर्थियों की तैयारी को मजबूत करने के लिए छत्तीसगढ़ रोजगार विभाग द्वारा विशेष पहल की गई है। अग्निवीर भर्ती के लिए पंजीकृत अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा हेतु

## जीवनदायनी बांकी नदी का अस्तित्व बचाने चलेगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

शहर की जीवनदायनी बांकी नदी को बचाने के लिए जल्द ही महाभियान शुरू होगा। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रियवंदा सिंह जूदेव ने इसके लिए पहल करते हुए शहर के सामाजिक संगठनों और प्रबुद्वजनों से इसकी प्रारंभिक रूपरेखा पर चर्चा की। प्रियवंदा सिंह जूदेव ने कहा कि हवा और पानी,मानव जीवन की पहली आवश्यकता है। शहर के बेहतर पर्यावरण के कारण अब तक जलवायु बेहतर है। लेकिन जल संकट मुंह बांय खड़ा हुआ है। इसलिए हम सबकों मिल कर इस संकट से जशपुर को बचाने के लिए प्रयास करना होगा। उन्होनें कहा कि जशपुर शहर को जल संकट से दूर रखने के लिए बांकी नदी की सबसे अहम भूमिका है। इसे संरक्षित करना आवश्यक है।



**पहले भी हो चुका है प्रयासः** अधिवक्ता सत्य प्रकाश तिवारी ने सुझाव देते हुए कहा कि बांकी नदी को बचाने और इसे संरक्षित करने का प्रयास पहले भी हुआ है। लेकिन, आम लोगों से जुड़ाव ना होने के कारण, कालांतर में यह सफल नहीं हो सका। इसलिए अभियान में जन सहभागिता आवश्यक है। अतुल मुंदड़ा ने कहा कि बांकी नदी के संरक्षण के लिए इसके आसपास रहने वालों को जोड़ना आवश्यक है। उन्होने सुझाव दिया कि नदी के तट का सुंदरीकरण किया जाए,जिससे आम लोगों की दिनचर्या में नदी शामिल हो सके। गायत्री परिवार के शाद्रुल राम ने बताया कि विश्व गायत्री परिवार पर्यावरण और जल संरक्षण के लिए लगातार काम कर रहा है। उन्होनें सुझाव देते हुए कहा कि नदी तट पर पौधा रोपण करना उपयोगी साबित हो सकता है। नगर के वरिष्ठ नागरिक नरेश नंदे ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय,शहर के विकास के लिए गंभीर हैं। बीते ढाई साल के दौरान शहर में विकास के ऐतेहासिक काम हुए है।

## नशा परिवार और समाज दोनों के लिए हानिकारक




**रायगढ़।** नशामुक्त भारत अभियान के तहत जिले में नशामुक्ति को लेकर जन जागरूकता एवं सर्वेक्षण कार्य प्रारंभ किया गया है। वार्ड क्रमांक 11 को चिन्हांकित कर नशा पीड़ति व्यक्तियों का सर्वे कार्य शुरू किया गया। इस अभियान का उद्देश्य सर्वे के माध्यम से डेटा संकलन कर चिन्हांकित व्यक्तियों का समुचित उपचार एवं पुनर्वास सुनिश्चित करना है। इसके लिए विभिन्न विभागों के समन्वय से कार्य किया जाएगा, जिससे प्रभावित व्यक्तियों को मुख्यधारा में लाया जा सके। इसी क्रम में 18 मार्च को जोगीडीपा वार्ड 11 में नाटक एवं नुक्कड़ के माध्यम से जनजागृति कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नशामुक्ति का संदेश प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया, जिसे स्थानीय नागरिकों ने सराहा। इस अवसर पर महापौर जीवर्धन चौहान, सभापति डिग्री लाल साहू एवं वार्ड पार्षद श्रीमती अनु सारथी सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। महापौर जीवर्धन चौहान ने कहा कि नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए जनजागरूकता अत्यंत आवश्यक है। इस प्रकार के कार्यक्रमों से लोगों में सकारात्मक बदलाव आएगा और समाज को नई दिशा मिलेगी। वार्ड पार्षद श्रीमती अनु सारथी ने कहा कि वार्ड स्तर पर इस तरह की पहल सराहनीय है।

## नपा अध्यक्ष के पहल पर रात 3 बजे सुधरी 75 एचपी मोटर, जल आपूर्ति रही निर्बाध

**खरसिया।** नगर में पेयजल आपूर्ति को निर्बाध बनाए रखने के लिए नगर पालिका परिषद खरसिया ने एक बार फिर अपनी सजगता और प्रतिबद्धता का परिचय दिया है। भालूनारा स्थित इंटेकवेल में बीती देर रात 75 एचपी मोटर में अचानक तकनीकी खराबी आ गई, जिससे जल आवर्धन योजना के तहत पानी सप्लाई प्रभावित होने की स्थिति निर्मित हो गई थी।

जैसे ही समस्या की जानकारी मिली, नगर पालिका अध्यक्ष कमल गर्ग के मार्गदर्शन में नगर पालिका उपाध्यक्ष अवध नारायण सोनीए जल विभाग के सभापति दीपक अग्रवाल एवं नगर पालिका की पूरी टीम तत्काल मौके पर पहुंची और मरम्मत कार्य प्रारंभ किया। विषम परिस्थितियों के बावजूद टीम ने निरंतर प्रयास जारी रखे और अंततः रात लगभग 3 बजे मोटर को सफलतापूर्वक चालू कर दिया। नगर पालिका की इस त्वरित कार्रवाई के कारण आज सुबह खरसिया नगरवासियों को जल आवर्धन योजना के अंतर्गत नियमित रूप से पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकीए जिससे किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी गई। उल्लेखनीय है कि बीते दिन नगर पालिका परिषद में आयोजित बैठक में अध्यक्ष कमल गर्ग ने स्पष्ट रूप से कहा था कि श्नगर पालिका परिषद खरसिया की पूरी टीम खरसिया के प्रत्येक नागरिक तक पर्याप्त एवं नियमित जल पहुंचाने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। साथ ही उन्होंने बैठक में सख्त निर्देश दिए कि पानी सप्लाई के विषय में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस बैठक में जल व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने हेतु कई महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए गए थे। अध्यक्ष के इसी संकल्प और स्पष्ट नेतृत्व का परिणाम है कि समस्या उत्पन्न होते ही पूरी टीम ने तत्काल सक्रियता दिखाई और रातभर मेहनत कर जल आपूर्ति को बाधित नहीं होने दिया। नगरवासियों ने नगर पालिका अध्यक्ष कमल गर्ग के नेतृत्व एवं पूरी टीम की तत्परता की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया है। यह घटना नगर पालिका की जिम्मेदारी, संवेदनशीलता और जनसेवा के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।



## विकास कार्यों में पारदर्शिता एवं जवाबदेही बहुत जरूरीः कलेक्टर

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने शुक्रवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला खनिज संस्थान न्यास और शासी परिषद प्रबंध कारिणी समिति की बैठक ली। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार डिप्टी कलेक्टर श्री प्रशांत कुशवाहा और जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।



कलेक्टर ने समीक्षा के दौरान सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ शासन के नियमों का भी गंभीरता से पालन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि राशि का उपयोग स्वास्थ्य, शिक्षा, कुपोषण को दूर करने, युवाओं के कौशल विकास और आजीविका के सृजन, स्वच्छता, आवास, कृषि, पशुपालन और अन्य प्राथमिकता वाले कार्यों में ही किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि खनिज संस्थान न्यास निधि के तहत जिले के प्राथमिक वाले कार्यों को लेना है। कलेक्टर ने कौशल विकास के तहत बांस से बनाए जाने वाले सामग्री, गुड़ बनाने की विधि, जशपुर में बड़ी संख्या में कटहल उत्पादन को देखते हुए इसको भी शामिल करने के निर्देश दिए हैं। ताकि युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा सके। कलेक्टर ने कृषि विभाग, पशुपालन उद्यानिकी विभाग को भी प्रस्ताव भेजने से पहले किसानों की आवश्यकता और उनके लाभ को ध्यान में रखते हुए जानकारी भेजने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि अन्य प्राथमिकता वाले कार्यों में उसी कार्यों को शामिल किया जाएगा जो बहुत जरूरी हो। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए है कि विकास कार्यों में पारदर्शिता एवं जवाबदेही बहुत जरूरी है नियमों का उल्लंघन करने पर संबंधित के विरुद्ध होगी सख्त कार्रवाई। उन्होंने कहा कि कार्यों की निगरानी के लिए राज्य स्तरीय निगरानी समिति का भी गठन किया जो कार्यों की सतत निगरानी करेगी।

### एमबीबीएस अंतर्गत पंजीयन या बिजली बिल भुगतान के लिए लगेगा शिविर

# साइबर ठगों से बचने पॉवर कंपनी ने की उपभोक्ताओं से अपील

**जशपुरनगर।** बिजली आज हमारी मूलभूत जरूरतों में शामिल हो चुकी है और इसके बिना जीवन की कल्पना संभव नहीं है। कई परिवार आर्थिक कारणों से समय पर बिजली बिल का भुगतान नहीं कर पाते, जिससे सरचार्ज के कारण बकाया राशि बढ़ जाती है और पूरा भुगतान करना कठिन हो जाता है।

उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं की इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने समाधान योजना शुरू की है, जिससे उन्हें बड़ी राहत मिलेगी। छत्तीसगढ राज्य पॉवर कंपनी ने उपभोक्ताओं से यह भी स्पष्ट किया कि पंजीयन राशि के भुगतान की सुविधा केवल मोर बिजली एप, एटीपी केंद्र और संबंधित विद्युत कार्यालय के माध्यम से ही उपलब्ध है। छत्तीसगढ राज्य पॉवर कंपनी के एमडी भीम सिंह ने विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना के नाम पर फैल रहे साइबर ठगी के प्रयासों से सतर्क रहें। कंपनी ने स्पष्ट किया है कि योजना के पंजीयन या बिजली बिल भुगतान से जुड़ी किसी भी प्रक्रिया के लिए अनजान वॉट्सएप मैसेज, ई-मेल या एसएमएस में आए किसी लिंक पर क्लिक न करें और न ही किसी एपीके फाइल को डाउनलोड करें। कई बार आर्थिक कठिनाइयों के कारण उपभोक्ता बिजली बिल बकाया रह जाता है और समय के साथ उस पर बिजली बिल में अधिभार बढ़ता जाता है। उपभोक्ता अपनी सुविधा के अनुसार एकमुश्त भुगतान या किस्तों में भुगतान का विकल्प चुन सकते हैं। योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ताओं को अपना पंजीयन कराना आवश्यक होगा। यह पंजीयन बिजली विभाग की वेबसाइट, मोबाइल एप या नजदीकी कार्यालय में जाकर कराया जा सकता है। छत्तीसगढ़ राज्य पावर कंपनी के एमडी श्री भीम सिंह ने अपील की कि वे इस अवसर का लाभ उठाकर अपने बकाया बिजली बिल का समाधान करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य उपभोक्ताओं को राहत देने के साथ-साथ बिजली व्यवस्था को और अधिक मजबूत और व्यवस्थित बनाना है। पावर कंपनी के अनुसार वह अपनी किसी भी योजना अथवा सेवा के लिए उपभोक्ताओं को कोई एपीके फाइल या संदिग्ध वेब लिंक नहीं भेजती है।




इसलिए यदि किसी संदेश में ऐसा लिंक या फाइल प्राप्त होती है तो उसे तुरंत नजरअंदाज करें। कंपनी ने बताया कि योजना की जानकारी और पंजीयन की सुविधा उपभोक्ताओं तक पहुंचाने के लिए मैदानी स्तर पर शिविरों का आयोजन किया जाएगा, ताकि लोग सीधे अधिकृत माध्यम से लाभ प्राप्त कर सकें। छत्तीसगढ़ राज्य पावर कंपनी ने उपभोक्ताओं को सलाह दी गई है कि वे बिजली बिल या किसी अन्य शुल्क का भुगतान केवल "मोर बिजली एप, कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट, एटीपी सेंटर या नजदीकी विद्युत कार्यालय में ही करें। किसी भी मैदानी कर्मचारी को नकद भुगतान न करें।

## सन्ना में बाजार नीलामी से पंचायत की तिजोरी में तीन गुना वृद्धि



**जशपुरनगर।** सन्ना पंचायत में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बाजार नीलामी प्रक्रिया सफलतापूर्वक सम्पन्न हो गई। वर्ष 25-26 की बाजार नीलामी में जबरदस्त प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। आठ बोली लगाने वालों ने भाग लेकर अपनी-अपनी दावेदारी पेश की। नीलामी की शुरुआत 2 लाख रुपये की आधार राशि से की गई थी, लेकिन प्रक्रिया आगे बढ़ने के साथ बोली लगातार बढ़ती गई। अंततः अजीमुद्दीन अंसारी उर्फ लड्डू ने सबसे अधिक 5 लाख 6 हजार रुपये की बोली लगाकर बाजार का ठेका अपने नाम कर लिया। यह ठेका उन्हें एक वर्ष की अवधि के लिए प्रदान किया गया है। गौरतलब है कि इस वर्ष की बोली पिछले साल की तुलना में लगभग तीन गुना अधिक रही, जिससे पंचायत को उल्लेखनीय राजस्व लाभ मिलने की उम्मीद है।पंचायत द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार, सफल बोलीदाता को 24 घंटे के भीतर कुल बोली राशि का 50 प्रतिशत जमा करना अनिवार्य है।



# फोर्स के तीसरे सीक्वल के लिए वजन बढ़ा रहे हैं हर्षवर्धन

**मुंबई।** हर्षवर्धन राणे इन दिनों अपनी फिल्म 'फोर्स' के तीसके सीक्वल को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। इस फिल्म के लिए हर्षवर्धन को कड़ी मेहनत करनी पड़ रही है, जिसको लेकर अभिनेता ने सोशल मीडिया पोस्टर के जरिए अपने निर्धारित वजन बढ़ाने के टारगेट के बारे में खुलाया किया है। हर्षवर्धन ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर जिम से अपनी कई तस्वीरें शेयर कीं और साथ ही बताया कि अगले महीने फिल्म में आने वाले एक बड़े एक्शन सीन के लिए उन्हें अपना वजन बढ़ाना पड़ रहा है। हर्षवर्धन ने लिखा कि पहले फिल्म 'सनम तेरी कसम' और 'एक दीवाने की दीवानियत' के समय उनका वजन 81 किलो था। लेकिन इस फिल्म के लिए उन्हें 92 किलो तक पहुंचना है।

लाइफ Style



# ममता

## संन्यासी जीवन भूल दोस्तों के साथ पहुंचीं गोवा

*ममता कुलकर्णी अब एक बार फिर अपने बदले अंदाज को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में वह गोवा में दोस्तों के साथ नजर आईं, जहां उनका ग्लैमरस लुक कैमरे में कैद हुआ। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही तस्वीरों में ममता स्टाइलिश और कॉन्फिडेंट अवतार में दिखीं।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ममता इस नए रूप ने फैंस को चौंका दिया है, क्योंकि वह लंबे समय से लाइमलाइट से दूर थीं। अब उनका यह अंदाज चर्चा का विषय बना हुआ है। साल 2025 के महाकुंभ में गेरुआ चोला पहन संन्यासी जीवन अपनाने को लेकर चर्चा में रहीं ममता कुलकर्णी एक बार फिर अपने बदले अंदाज को लेकर सुर्खियों में हैं। महाकुंभ में वह किन्नर अखाड़े के साथ जुड़ीं और महामंडलेश्वर पद पर आसीन हुईं और श्री यमाई ममता नंद गिरि हो गईं। इस पर काफी विवाद भी हुआ। इसी साल 27 जनवरी को ममता कुलकर्णी ने किन्नर अखाड़ा के महामंडलेश्वर पद से इस्तीफा भी दे दिया। उन्होंने कहा था कि मैंने 25 साल का आध्यात्मिक जीवन जीया। अभ्यास जैसे पहले जारी था, आगे भी रहेगा। लेकिन, अब उनके रंद-ढंग बदले-बदले नजर आ रहे हैं। हाल ही में वह दोस्तों के साथ गोवा पहुंची, जहां उनका ग्लैमरस अवतार नजर आया। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें उनका बदला-बदला अवतार नजर आ रहा है। सहेलियों के साथ वह गोवा ट्रिप पर हैं, जिसकी झलकियां देख सोशल मीडिया यूजर्स हैरान हैं। मोबाइल पर वीडियो बनते देख ममता कुलकर्णी ने अपनी अदाएं दीखिए।

हॉलीवुड मसाला




# डोरमोन को दिलाई खास पहचान

**लॉस एंजिल्स।** जापानी एनीमेशन इंडस्ट्री से एक बहुत ही दुखद खबर सामने आई है। 'डोरेमोन'को खास पहचान देने वाले मशहूर निर्देशक शिबायामा त्सुतोमु का 84 साल की उम्र में निधन हो गया है। उन्होंने करीब 20 साल तक इस शो को संभाला है और इस बीच कई 'डोरेमोन' फ्रेंचाइजी से जुड़ी कई शानदार फिल्में दी हैं। शिबायामा त्सुतोमु को जापान में अक्सर 'नेशनल एनीमेशन के पिता' कहा जाता था। उन्होंने 'डोरेमोन' को करीब 20 साल तक संभाला और इसे हर पीढ़ी के दिल तक पहुंचाया।



# स्पाइडर मैनः ब्रांड न्यू डे में हुई डॉक्टर बैनर की एंट्री

**लॉस एंजिल्स।** स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। ट्रेलर की शुरुआत में (टॉम हॉलैंड) पीटर पार्कर (जेंडाया) मिशेल यानी एमजे जोन्स वॉटसन के वीडियो देखने से होती है। जिसको देखने के बाद पीटर काफी नाराज हो जाता है और एक ऊंची बिल्डिंग से नीचे गिर जाता है। ट्रेलर में आगे यह भी दिखाया गया कि फिल्म में पीटर को किसी वजह से सभी भूल जाते हैं, यहां तक की उसकी गर्लफ्रेंड मिशेल और उसका दोस्त भी उसे नहीं पहचानते। आखिर में ब्रूस बैनर की एंट्री भी दिखाई गई है। टॉम हॉलैंड ने इंस्टाग्राम पर ट्रेलर शेयर किया और लिखा, 'अब एक नए दिन की शुरुआत हो रही है।' इसके साथ ही टॉम ने लिखा कि वह अपनी इस फिल्म को सभी के साथ शेयर करने के लिए काफी उत्साहित हैं। यह फिल्म 31 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।




# नागजिला का नया पोस्टर रिलीज...

**नई दिल्ली।** कार्तिक आर्यन अपनी अपकमिंग फिल्म 'नागजिला' को लेकर सुर्खियों में है। फिल्म के पोस्ट प्रोडक्शन का काम चल रहा है। यह फिल्म इसी साल रिलीज होने वाली है। मेकर्स ने एक पोस्ट के जरिए जानकारी दी है कि यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। प्राइम वीडियो ने इंस्टाग्राम पर 'नागजिला' का एक पोस्टर शेयर किया है। इसके साथ पोस्ट में लिखा है 'नागजिला- एक ऐसी दुनिया, जहां रूप बदलने वाले 'इच्छाधारी नाग' इंसानों के बीच रहते आए हैं। इसमें तब अफरा-तफरी मच जाती है, जब एक बेफिक्र रहने वाले इच्छाधारी नाग की 'नागमणि' और उसकी जान, एक सत्ता के भूखे खलनायक के कारण खतरे में पड़ जाती है।' आपको बता दें कि 'नागजिला' की शूटिंग 16 मार्च को पूरी हो चुकी है।



# राकेश धुरंधर-2 में निकले हुकुम का इक्का

**मुंबई।** फिल्म 'धुरंधर 2' में लीड रोल में रणवीर सिंह हैं। लेकिन क्लाइमैक्स सीन में कुछ ऐसा होता है कि दर्शक राकेश बेदी पर फिदा हो जाते हैं। अब उन्हें ही असली धुरंधर माना जा रहा है। फिल्म 'धुरंधर 2' में रणवीर सिंह, अर्जुन रामपाल, आर माधवन और संजय दत्त जैसे नामी कलाकारों के बीच टीवी और फिल्मों के दिग्गज कलाकार राकेश बेदी भी नजर आए। अपने उम्दा अभिनय से वह दर्शकों पर गहरी छाप छोड़ने में कामयाब रहे। साथ ही फिल्म 'धुरंधर 2' के असली हुकुम का इक्का भी वही निकले हैं, यही वजह है कि अब फैंस उन्हें ही असली धुरंधर कह रहे हैं। फिल्म 'धुरंधर में राकेश बेदी ने एक पाकिस्तानी राजनेता का जमील जमाली का किरदार निभाया था। जमील की बेटी अलीना से ही हमजा का किरदार शादी करता है।

टीवी मसाला



# दीपिका के बेटे रूहान ने सलमान के घर के बाहर गाया ओ ओ जाने जाना

**नई दिल्ली।** दीपिका कक्कड़ और शोएब इब्राहिम ने पिछले दिनों अपने यूट्यूब व्लॉग में बेटे रूहान के साथ एक प्यारा सा पल शेयर किया। वीडियो में परिवार को मुंबई के बांद्रा इलाके में गैलेक्सी अपार्टमेंट्स के पास से गुजरते हुए देखा गया, तभी उनके छोटे बच्चे ने अपने गायन कौशल से सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। शोएब इब्राहिम ने एक वीडियो शेयर किया। इसमें दीपिका, शोएब अपने बेटे रूहान के साथ सलमान खान के प्रसिद्ध घर गैलेक्सी अपार्टमेंट के के पास से गुजरते नजर आ रहे हैं। इसी दौरान ड्राइव के बीच दीपिका रूहान से पूछती हैं कि उसका सलमान खान का फेवरेट गाना क्या है। जैसे ही दीपिका ने बेटे से पूछा, रूहान अपनी मासूम आवाज में गाने लगता है 'ओ ओ जाने जाना'। रूहान ने केवल गाया नहीं बल्कि उसने सलमान का डायलॉग भी दोहराया जिसमें वो कहता है 'न कोई मंजिल है, न कोई सफर...'। दीपिका और शोएब भी अपने बेटे के इस टैलेंट को देखकर हैरान और बेहद खुश दिख रहे हैं। वहीं काफी लोगों ने भी नन्हें से बच्चे की सलमान को लेकर दीवानगी पर हैरानी जताई है। रूहान बताता है कि उसे सलमान खान पसंद हैं। ये गाना सलमान खान की साल 1998 में आई फिल्म 'प्यार किया तो डरना क्या' का है जिसमें वो काजोल के साथ नजर आए थे। फिल्म में सलमान खान के साथ धर्मेंद्र भी अहम भूमिका में थे। वहीं अरबाज खान सलमान के भाई के रोल में थे। फिल्म का ये फेमस गाना कमाल खान ने गाया था जो आज भी दर्शकों के दिलों में बसा है।

## इरिटेटिंग चाची से नागिन ननद तक चाहिए

**नई दिल्ली।** कपिल शर्मा कॉमेडी शो में कॉमेडियन-एक्टर किकू शारदा अपने ऑन-स्क्रीन फीमेल किरदारों के लिए खूब पसंद किए जाते हैं। हाल ही में उनकी पत्नी प्रियंका ने मजेदार अंदाज में बताया कि वह



किकू को बार-बार महिला के अवतार में देखकर कैसा महसूस करती हैं। टीवी शो भाग्य का पहिया के दौरान एक दिलचस्प बातचीत में होस्ट अक्षय कुमार ने किकू से मजाकिया अंदाज में कहा कि उन्हें अक्सर चाची, मामी, मौसी, दादी जैसे किरदारों में ज्यादा देखा जाता है। इसके बाद अक्षय ने किकू की पत्नी प्रियंका से पूछा कि क्या उन्हें अपने पति को पत्नी के अवतार में देखना पसंद है? इस पर प्रियंका ने बेहद हाजिरजवाबी से जवाब दिया, सर मुझे रिश्तेदारों की कमी कभी महसूस नहीं होती है। मुझे इरिटेटिंग चाची चाहिए, नागिन वाली ननद चाहिए । इशारों से उन्होंने कहा कि ये सारे किरदार अकेले कीकू निभा लेते हैं।

# धुरंधर 2 के कायल हुए सेलिब्रिटी, अल्लू, अनन्या से लेकर कार्तिक ने की फिल्म की जमकर तारीफ

*धुरंधर का सीक्वल धुरंधर द रिवेंज सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म की रिलीज से पहले ही फैंस इसे लेकर काफी एक्साइटेड थे। एडवांस बुकिंग में भी फिल्म ने रिकॉर्ड तोड़ कमाई की है। अब कुछ बॉलीवुड सेलेब्स भी फिल्म देखकर आए हैं, जिन्होंने अपने रिएक्शन शेयर किए हैं।*

**मुंबई।** साउथ स्टार अल्लू अर्जुन ने फिल्म देखकर सोशल मीडिया पर अपना रिएक्शन शेयर किया। उन्होंने इंस्टाग्राम पर स्टोरी शेयर कर फिल्म की जमकर तारीफ की। उन्होंने सभी एक्टर्स और डायरेक्टर आदित्य धर को फिल्म के लिए बधाई दी। डायरेक्टर राम गोपाल वर्मा ने भी एक्स पर फिल्म 'धुरंधर 2' को लेकर रिएक्शन दिया है। फिल्म को लेकर देर रात उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा, 'जिन लोगों ने भी आज फिल्म देखी, उन सभी ने मुझसे कहा कि 'धुरंधर' को सिर्फ पसंद ही नहीं करते हैं, इस फिल्म से शादी भी करना चाहते हैं। एक्ट्रेस अनन्या पांडे ने भी इंस्टाग्राम पर स्टोरी शेयर कर रणवीर सिंह की तारीफ की। उन्होंने फिल्म की तारीफ करते हुए 'बीस्ट' लिखा। एक्टर कार्तिक आर्यन ने भी अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म की सराहना



की है। उन्होंने फिल्म को 'टॉप नॉच' बताया और शानदार सिनेमैटिक अनुभव के लिए आदित्य धर की तारीफ की। साथ ही उन्होंने रणवीर सिंह की भी सराहना की। इसके साथ एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी और पति राज कुंद्रा अपनी पूरी फैमिली के साथ रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर 2' को देखने के लिए थिएटर पहुंची थी। 'धुरंधर 2' देखकर जैसे ही शिल्पा शेट्टी बाहर आई वहां मौजूद पैपराजी ने एक्ट्रेस से उनका रिव्यू पूछा, जिसपर एक्ट्रेस ने कहा, 'सुपर...आग लगा दी।' प्रीति जिंटा भी मूवी देखने पहुंची थी, जिसके बाद उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर कर फिल्म की तारीफ की। उन्होंने कैप्शन में लिखा- रिवेंज हो तो धुरंधर जैसा हो वरना ना हो।' इस बीच शनाया कपूर ने भी अपने इंस्टाग्राम पर स्टोरी शेयर कर मूवी की तारीफ करते फिल्म को माइंड ब्लॉइंग बताया।

# नेशनल ज्योग्राफिक 33 की लिस्ट में आलिया-प्रियंका का नाम

**मुंबई।** नेट जियो 33 की लिस्ट में दो भारतीय अभिनेत्रियों को जगह मिली। आलिया भट्ट और प्रियंका चोपड़ा का नाम इस लिस्ट में आया है। दोनों को समाज में अलग-अलग कारणों से जागरूकता फैलाने के लिए सम्मानित किया गया है। साल 2026 की नेशनल ज्योग्राफिक 33 सूची जारी हो चुकी है। इस सूची में दुनिया भर के समाज सेवियों के नाम शामिल हैं। लिस्ट में भारत से दो अभिनेत्रियों आलिया भट्ट और प्रियंका चोपड़ा का नाम भी शामिल किया गया है। आलिया भट्ट को जलवायु परिवर्तन के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए सूची में शामिल किया गया। साथ ही उन्होंने अलग-अलग तरीकों से पर्यावरण के लिए सक्रियता दिखाई। बच्चों के लिए लिखी हुई किताब 'एड फाइंड्स अ होम' के जरिए आलिया ने लोगों को पशु गोद लेने की सलाह दी। वहीं, दूसरी तरफ एक्ट्रेस ने अपने फैशन रीसेल 'मी वार्डरोब




इज सु वार्डरोब' के जरिए अपने और कई कलाकारों के कपड़ों को डोनेट किए। अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए भी आलिया इन सब कामों का प्रचार करती हैं और दूसरों के लिए प्रेरणा बनती हैं। वहीं अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा का नाम इस लिस्ट में इसलिए आया क्योंकि एक्ट्रेस ने इस साल स्वास्थ्य सेवाओं को आसान बनाने में योगदान दिया है। एक्ट्रेस ने मधुमेह के प्रति जागरूकता फैलाने की दिशा में काम किया। प्रियंका के पति निक जोनस भी 13 साल की उम्र से टाइप-1 मधुमेह से पीड़ित हैं। पांच साल से दोनों मिलकर भारत में 'बियॉन्ड टाइप 1' संस्था के जरिए लोगों तक मधुमेह के बारे सही जानकारी पहुंचा रहे हैं। इस सूची में हैरिसन फोर्ड, रसेल वेस्टब्रुक, शैलेन वुडली, इवान मैकग्रेगर और इड्रिस एल्बा जैसे सेलेब्स के नाम भी शामिल हैं।

## बिना शोर-शराबे के अपने अभिनय से एक अलग मिसाल कायम की

# 1974 में मिसाल बना ये एक्टर, 1 फिल्म में दिखाया कई किरदारों का जादू

*नई दिल्ली। 1974 का दौर हिंदी सिनेमा के लिए बेहद खास रहा, जब अमिताभ बच्चन, शशि कपूर और धर्मेंद्र जैसे सितारे पर्दे पर छाए हुए थे। उसी साल रोटी कपड़ा और मकान और दीवार जैसी फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर धूम मचाई, लेकिन इसी भीड़ में एक ऐसा दिग्गज एक्टर भी था, जिसने बिना शोर-शराबे के अपने अभिनय से एक*



*अलग मिसाल कायम कर दी। इस एक्टर ने 1974 में आई एक फिल्म में कई अलग-अलग किरदार निभाकर दर्शकों को चौंका दिया। उस दौर में जब एक ही रोल में खुद को साबित करना चुनौती माना जाता था, तब इस कलाकार ने एक ही फिल्म में कई व्यक्तित्वों को इतनी सहजता से निभाया कि हर किरदार अलग पहचान बन गया।*

### वो मैं नहीं ने दी एक नई पहचान

1970 और 80 के दशक में हिंदी सिनेमा में कई स्टार्स ने अपने अभिनय का लोहा मनवाया, लेकिन कुछ कलाकार ऐसे भी थे, जिन्होंने अपने अभिनय में नयापन लाने की कोशिश की। ऐसे ही एक कलाकार थे नवीन निश्चल, जिन्होंने अपनी फिल्मों में हमेशा अलग और चुनौतीपूर्ण भूमिकाओं को अपनाया। उन्होंने अपने कॅरियर में कई हिट फिल्में दीं। साल 1974 में आई फिल्म 'वो मैं नहीं' ने उन्हें एक नई पहचान दी। यह फिल्म खास इसलिए थी, क्योंकि इसमें नवीन निश्चल ने एक ही फिल्म में कई अलग-अलग किरदार निभाए। उस समय यह तरीका दर्शकों के लिए बिल्कुल नया और रोमांचक था।

### आलोचकों और दर्शकों दोनों ने सराहा

फिल्म में यह दिखाना कि एक ही अभिनेता इतने किरदारों में ढल सकता है, उस समय आसान नहीं था, लेकिन नवीन निश्चल ने अपनी कड़ी मेहनत और अनुभव से यह काम बेहद खूबसूरती से किया। उनके चेहरे के भाव, हाव-भाव और बोलने का तरीका दर्शकों के मन को भा गया। यही वजह थी कि फिल्म को आलोचकों और दर्शकों दोनों ने सराहा।

### बहुमुखी भूमिकाओं को अपनाया

नवीन निश्चल ने अक्सर अपने कॅरियर में इस तरह की बहुमुखी भूमिकाओं को अपनाया। यही उनकी सबसे बड़ी ताकत थी। चाहे वह 'हंसते जख्म' में गंभीर किरदार हो या 'विक्टोरिया नंबर 203' में मजाकिया रोल, उन्होंने हर बार दर्शकों को नया अनुभव दिया। फिल्म 'वो मैं नहीं' इस बात का शानदार उदाहरण है कि कैसे एक अभिनेता अपनी प्रतिभा और मेहनत से दर्शकों को रोमांचित कर सकता है।

### कई अलग-अलग लोगों के किरदार निभाए

फिल्म की कहानी आम जीवन से जुड़ी हुई थी। इसमें मुख्य रूप से यह दिखाया गया कि कैसे एक व्यक्ति अपने जीवन की कई अलग-अलग भूमिकाओं में खुद को ढालता है और समाज में अपनी पहचान बनाता है। कहानी में कॉमिक और गंभीर दोनों तरह के पहलू थे, जिससे दर्शकों को हर पल रोमांचक लगा, लेकिन सबसे बड़ा आकर्षण था नवीन निश्चल का अभिनय, जो हर किरदार में अलग अंदाज और भावना लेकर आया। नवीन निश्चल ने इस फिल्म में कमाल की बहुमुखी प्रतिभा दिखाई। उन्होंने फिल्म में कई अलग-अलग लोगों के किरदार निभाए। एक किरदार में वे एक शांत और समझदार इंसान थे, जो अपने परिवार और दोस्तों की मदद करता है। दूसरे किरदार में उन्होंने एक चालाक और मजाकिया इंसान की भूमिका निभाई, जो परिस्थितियों का लाभ उठाता है। तीसरे किरदार में उनका रूप गंभीर और तनावपूर्ण था, जिसमें उनके चेहरे के भाव और आवाज की ताकत ने दर्शकों को पूरी तरह अपनी ओर खींच लिया। इन सभी किरदारों में नवीन का अंदाज और अभिनय का तरीका बिल्कुल अलग था, लेकिन हर किरदार में उनकी कला की चमक साफ दिखाई देती थी।

## खबर संक्षेप

### वाहन की चपेट में आकर जंगली सूअर की मौत

**कटेली।** सारंगढ़ जिले से एक खबर सामने आ रही है, जहां अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक जंगली सूअर की मौत हो गई है। मामला ग्राम टिमरलगा का है, जहां शुक्रवार को सुबह करीब 5 बजे एक जंगली सूअर तेज रफ्तार से सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और मृत सूअर को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। फिलहाल अज्ञात वाहन की तलाश जारी है और वन विभाग मामले की जांच में जुटा हुआ है।

### 14-15 वर्ष की बालिकाओं को लगाया जा रहा टीका

**रायगढ़।** किरोड़ीमल शासकीय जिला अस्पताल में 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं को सर्वाइकल टीकाकरण किया जा रहा है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.बीपी पटेल ने बताया इस अभियान का उद्देश्य सर्वाइकल कैंसर के मामलों को कम करना है, क्योंकि यह महिलाओं में होने वाले कैंसर का प्रमुख लखण है। राज्य शासन द्वारा इस गंभीर बीमारी से बचाव के लिए सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों में निःशुल्क टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार एचपीवी ह्यूमन पैपिलोमा वायरस वैक्सीन एक सुरक्षित एवं प्रभावी टीका है, जो गर्भाशय ग्रीवाए योनि एवं गुदा से संबंधित कैंसर सहित एचपीवी संक्रमण से जुड़े विभिन्न प्रकार के कैंसर से सुरक्षा प्रदान करता है। इस अभियान के अंतर्गत शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से जन.जागरूकता भी बढ़ाई जा रही है।

### 25 मार्च तक ही होगा बिल जमा

**रायगढ़।** समस्त देयक कोषालय एवं उपकोषालयों में जमा करने की अंतिम तिथि 25 मार्च निर्धारित की गई है। एसएनए.स्पर्श से संबंधित भुगतान के लिए देयक स्वीकृति की अंतिम तिथि 30 मार्च तय की गई है। 25 मार्च के बाद सामान्य देयक स्वीकार नहीं किए जाएंगे। हालांकि, वित्त विभाग से विशेष स्वीकृति प्राप्त प्रकरण, केंद्रांश से संबंधित देयक, विधायकों के स्वत्व, स्वेच्छानुदान मद, राजभवन, विधानसभा एवं न्यायालयों से जुड़े देयकों पर यह प्रतिबंध लागू नहीं होगा। ई.कोष ऑनलाइन एवं ई.पेरोल के माध्यम से देयकों का प्रस्तुतिकरण 27 मार्च तक किया जा सकेगा। कोषालय द्वारा प्राप्त सभी देयकों का निराकरण 30 मार्च तक अनिवार्य रूप से किया जाएगा। जिला कोषालय अधिकारी ने बताया कि 25 मार्च को प्राप्त अंतिम देयकों की जानकारी उसी दिन वित्त विभाग को प्रेषित की जाएगी। वहीं 27 से 30 मार्च के मध्य किए गए भुगतानों की रिपोर्ट भी 30 मार्च को अनिवार्य रूप से भेजी जाएगी। उन्होंने बताया कि वित्त विभाग द्वारा कार्य विभागों एवं वन विभाग के अधिकारियों को 25 मार्च को साढ़े 5 बजे के बाद ऑनलाइन भुगतान फाइल जनरेट नहीं करने के निर्देश दिए गए हैं। अत्यावश्यक मामलों में ही पूर्व स्वीकृति के बाद भुगतान किया जा सकेगा।

**न्यायालय नजूल अधिकारी, जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र........../अ-6/2025-26
साकिन-सारंगढ़, तहसील-सारंगढ़

एतद् द्वारा सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती कौशिल्या पति स्व. झाडूराम यादव, जाति-रावत, निवासी-बीडपारा, वार्ड क्रमांक 13, तहसील-सारंगढ़, जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.) द्वारा छ.ग.भू.रा.संहिता की धारा 109,110 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि सारंगढ़ स्थित नजूल खसरा नंबर 1025 भूमि आवेदक के पिता मयाराम वगैरह के नाम पर सामिलात खाते में दर्ज है। जिसमें भूमिस्वामी श्रीराम पिता कांशीराम की मृत्यु दिनांक 11.02.1977 को गई है। उनकी पत्नी सोनकुंवर आवेदिका के पक्ष में सहमति दी है तथा हरिराम पिता कांशीराम द्वारा आवेदिका के नाम से स्टाम्प पत्र में इकरारनामा निष्पादित की है तथा मयाराम पिता कांशीराम की मृत्यु दिनांक 16.02.1980 को हो गई है। अतएव आवेदित भूमि पर मयाराम वगैरह का नाम विलोपित कर आवेदिका का नाम दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में यदि किसी हितबद्ध पक्षकार अथवा कोई भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वे अपना दावा / आपत्ति इस न्यायालय में पेशी दिनांक 23/03/2026 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा तथा प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। आज दिनांक 01 / 03 / 2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर अंकित कर जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी**
**जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.).**

### ग्रामीणों ने सौंपे आवेदन, कई मामलों का मौके पर निराकरण

# शिविर में बनाए गए लर्निंग लाइसेंस श्रम कार्ड, सैकड़ों को मिला लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

आमजनों की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने जिला प्रशासन द्वारा तहसील मुख्यालय पुसौर में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही, जिन्होंने अपनी विभिन्न समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए, जिनमें से कई का मौके पर ही समाधान किया गया। शिविर स्थल पर सुव्यवस्थित पंजीयन काउंटर, हेल्प डेस्क, विभिन्न विभागों के स्टॉल, पेयजल एवं छाया जैसी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की गई थीं। साथ ही आईटीआई परिसर में टीबी जांच हेतु हैंड.हेल्ड एक्सरे, आधार पंजीयन, लर्निंग लाइसेंस तथा ई.श्रम कार्ड बनाने की विशेष व्यवस्था भी की गई, जिससे ग्रामीणों को एक ही स्थान पर विभिन्न सेवाएं उपलब्ध हो सकीं। इस शिविर में पुसौर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य ब्रजेश गुप्ता, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती हेमलता चौहान, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मानी मोहित सतपथी, गणमान्य नागरिकगण एवं जिला पंचायत सीईओ अभिजीत बबन पठारेए एसडीएम महेश शर्मा सहित जिला एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर एवं जनप्रतिनिधियों ने शिविर का अवलोकन कर विभिन्न विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने हितग्राहियों से संवाद कर योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी स्थिति की भी जानकारी ली।





#### विभिन्न योजनाओं से हितग्राही हुए लाभान्वित

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा अनेक हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। अपेक्स बैंक द्वारा 5 किसानों को केसीसीए स्वास्थ्य विभाग द्वारा 6 आयुष्मान एवं 5 वय वंदन कार्डए 4 टीबी मरीजों को फूड बास्केट श्रम विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 6 हितग्राहियों को सहायता राशि एवं श्रम कार्ड, शिक्षा विभाग द्वारा 6 दिव्यांग विद्यार्थियों को टैबलेट एवं शिक्षण सामग्री, उद्यान विभाग द्वारा 11 हितग्राहियों को पौध वितरण तथा कृषि विभाग द्वारा 5 किसानों को सम्मान निधि से संबंधित प्रमाण पत्र एवं 6 किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए गए। इसके साथ ही अन्य विभागों द्वारा भी हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

## छाल में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर, मौके पर समाधान



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

आमजनों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा धरमजयगढ़ विकासखंड के तहसील मुख्यालय छाल में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन में आयोजित इस शिविर में छाल एवं आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं। शिविर में प्राप्त सैकड़ों आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया तथा पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया। शिविर में मौजूद जनप्रतिनिधियों ने व्यवस्थाओं का अवलोकन कर अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए। जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रजनी राठिया ने प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए आमजनों को अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लीनव बिरजू राठिया ने कहा कि जिला प्रशासन का पूरा अमला आज यहां उपस्थित है, जिससे आमजन अपनी समस्याओं का समाधान कराकर योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाएं। इस अवसर पर अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी अपने विचार साझा करते हुए प्रशासन के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई। शिविर में आधार कार्डए आयुष्मान कार्डए राशन कार्डए श्रम कार्ड निर्माण तथा राजस्व प्रकरणों का मौके पर निराकरण किया गया।

## कट गए 35 महुआ और नीम के पेड़, पीड़ित ने की जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

पुसौर तहसील अंतर्गत ग्राम तुरंगा में एक गंभीर मामला सामने आया है जहां निजी भूमि पर लगे करीब 35 महुआ एवं नीम के पेड़ों को अवैध रूप से काट दिया गया। इस संबंध में पीड़ित संदीप गोयल ने लिखित शिकायत देकर जांच एवं दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार संदीप गोयल पिता स्व. बजरंग लाल गोयल निवासी छातामुड़ा बाइपास चौक ने कुछ वर्ष पूर्व तहसील पुसौर के ग्राम तुरंगा में खसरा नंबर 175/1 रकबा 0.2790 हेक्टेयर भूमि विधिवत क्रय की थी जो वर्तमान में उनके वैध स्वामित्व एवं कब्जे में है। उक्त भूमि पर पूर्व से ही महुआ और नीम के लगभग 35 पेड़ स्थित थे जो उनकी संपत्ति का अभिन्न हिस्सा थे। शिकायत में उल्लेख किया गया है कि हाल ही में जब संदीप गोयल अपने परिवार के साथ उक्त भूमि का निरीक्षण करने पहुंचे तो उन्होंने पाया कि वहां स्थित सभी पेड़ों को काट दिया गया है। ग्राम पड़ीगांव निवासी अनुपम सेठ द्वारा इन पेड़ों को काटा गया है। पुसौर तहसीलदार अनुराधा पटेल ने बताया किसी किसी भूस्वामी के भूमि में स्थित पेड को उसके मर्जी के बगैर काटना तो अवैध तो है ही लेकिन निजी भूमि में स्थित 6 पेडों से अधिक काटने पर अर्थ दंड का प्रावधान है।



## गौराडीपा में गौटिन दाई मेले का आगाज़ आस्था के सागर में डूबा जनसमूह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसीवा

चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर सेमरिया, सरसीवा स्थित गौराडीपा में सुप्रसिद्ध गौटिन दाई मेला श्रद्धा, परंपरा और जनआस्था के अद्भुत संगम के रूप में भव्यता के साथ प्रारंभ हुआ। पहले ही दिन मेले में उमड़ा जनसैलाब इस बात का प्रमाण बन गया कि अंचल में देवी गौटिन दाई के प्रति लोगों की आस्था कितनी गहरी और अटूट है। हर ओर गूंजते जयकारोंए धूप.दीप की सुगंध और भक्ति के वातावरण ने पूरे क्षेत्र को देवीमय कर दिया।

मेले का शुभारंभ क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों गरिमामयी उपस्थिति के बीच हुआ जहां भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता बेदराम जांगड़े ने माता के चरणों में शीश नवाकर क्षेत्र की सुख.समृद्धि की कामना की। उन्होंने गौराडीपा मेले को न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र, बल्कि क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा का जीवंत प्रतीक बताया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी जेआर डहरिया, प्रबुद्धजनों में संतोष शर्मा, सुनील शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक भी उपस्थिति रहे। गौराडीपा का यह मेला अपने आप में आस्था का विराट केंद्र बन चुका हैए जहां दूर.दराज के गांवों और शहरों से श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। पारंपरिक वेशभूषा, लोकगीतों की मधुर धुन और स्थानीय कला.संस्कृति की झलक इस मेले को विशेष पहचान दे रही है। इस आयोजन की एक खास बात यह भी रही कि यहां समाज के हर वर्ग, ग्रामीण, शहरी, युवा, बुजुर्ग की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। प्रशासनिक व्यवस्था और जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी ने मेले को सुव्यवस्थित और सुरक्षित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। गौराडीपा का गौटिन दाई मेला केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि क्षेत्रीय एकता, सांस्कृतिक निरंतरता और सामूहिक आस्था का सशक्त प्रतीक बनकर उभरा है। चैत्र नवरात्रि के इन पावन दिनों में यहां की हर धड़कन में भक्ति रची.बसी है और यह मेला आने वाले दिनों में भी श्रद्धा और सामाजिक समरसता का नया इतिहास रचने को तैयार है।



## नहरपाली में मना जल अर्पण दिवस पानी की हर बूंद बचाने दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

खरसिया ब्लॉक के ग्राम नहरपाली में जल उत्सव पखवाड़ा के अंतर्गत जल अर्पण दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी सहित जनप्रतिनिधि अधिकारी एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने जल संरक्षण, जल जीवन मिशन की उपयोगिता एवं जल के सतत उपयोग के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। साथ ही एफटीके के माध्यम से जल गुणवत्ता परीक्षण कर ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत नहरपाली को जल योजना का औपचारिक हस्तांतरण किया गयाए जो ग्राम के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में जल को अमूल्य संसाधन बताते हुए इसके संरक्षण को प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी बताया और हर बूंद की कीमत समझें का संदेश दिया। कार्यक्रम के समापन पर ग्रामवासियों ने जल संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया। यह आयोजन न केवल जागरूकता का माध्यम बनाए बल्कि ग्राम नहरपाली को जल संरक्षण के क्षेत्र में एक आदर्श ग्राम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में उभरकर सामने आया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य सतबाई छोटेलाल पटेल, जनपद अध्यक्ष खरसिया श्रीमती राम कुमारी राठिया, जनपद उपाध्यक्ष डॉ. हितेश गबेल, जनपद सदस्य बीडीसी श्रीमती निर्मला राजू राठिया, ग्राम पंचायत नहरपाली की सरपंच श्रीमती दिलेश्वरी खड़िया, सहायक कलेक्टर अक्षय डोसी, एसडीएम खरसिया प्रवीण तिवारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।




## बंजारी धाम तराईमाल में चैत्र नवरात्र पर जले ज्योति कलश

**तमनार।** जिले के प्रसिद्ध सर्वशक्तिपीठ माँ बंजारी धाम तराईमाल में 19 मार्च गुरुवार को मां बंजारी मन्दिर समिति अध्यक्ष कलेक्टर के दिशा निर्देश में एसडीएम, तहसीलदार के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी, समिति सदस्यगणों, यज्ञाचार्य, पंडित यजमान सैकड़ो श्रद्धालु भक्तगणो की उपस्थिति में चैत्र नवरात्र पर्व 71 वीं मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलन विधि विधान के साथ प्रारम्भ किया गया। बासंतिक नवरात्र पर्व मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री, श्री बंजारी माई की पूजा अर्चना कर मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलन प्रारम्भ में यज्ञाचार्य पं किशोर पाणिग्राही, यजमान दुर्गा उदयभान मालाकार समेत सैकड़ो श्रद्धालुओं द्वारा दीप प्रज्वलन प्रारम्भ किया गया।



## मैरिट में गूंजा सरसीवा का नाम, एमएससी जूलॉजी की प्रावीण्य सूची में छात्रों का परचम



**सरसीवा।** उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक बार फिर ग्रामीण अंचल की प्रतिभा ने अपनी चमक बिखेरी है। पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय द्वारा घोषित एमएससी जूलॉजी चतुर्थ सेमेस्टर, मई-जून 2025 की प्रावीण्य सूची में दुलीचंद जालान कॉलेज ऑफ क्वालिटी एजुकेशन के तीन विद्यार्थियों ने स्थान प्राप्त कर यह सिद्ध कर दिया है कि उत्कृष्टता किसी भौगोलिक सीमा की मोहताज नहीं होती। विश्वविद्यालय की टॉप.10 सूची में एक साथ तीन विद्यार्थियों का चयन न केवल संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता का प्रमाण है, बल्कि यह पूरे क्षेत्र के लिए गौरव और प्रेरणा का विषय बन गया है। मेरिट सूची में कॉलेज के छात्रों ने स्थान बनाकर यह साबित कर दिया कि संसाधनों की सीमाएं प्रतिभा की उड़ान को नहीं रोक सकतीं। हूपकांत जांगड़े ने 1876 अंकों के साथ द्वितीय स्थान अर्जित कर शीर्ष उपलब्धियों में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराईए किरण खटकर ने 1817 अंकों के साथ नवम स्थान हासिल किया, वहीं मंजुलता साहू ने 1815 अंकों के साथ दशम स्थान प्राप्त कर अपनी मेधा का परिचय दिया। इन उपलब्धियों ने यह स्पष्ट कर दिया कि समर्पण, अनुशासन और सही दिशा मिल जाए तो ग्रामीण प्रतिभाएं भी अपनी अलग पहचान बना सकती हैं। कॉलेज प्रबंधन ने इस सफलता को विद्यार्थियों की अथक मेहनत और शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का संयुक्त परिणाम बताया। वही महाविद्यालय के चेयरमैन ने कहा कि यह उपलब्धि केवल व्यक्तिगत सफलता नहीं, बल्कि संस्थान की उस शैक्षणिक दृष्टि का परिणाम है, जिसमें गुणवत्ता और संस्कार दोनों को समान महत्व दिया जाता है। विद्यार्थियों ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय शिक्षकों के मार्गदर्शन, संस्थान के अनुशासित वातावरण और अभिभावकों के सतत सहयोग को दिया।

## पीएम आवास निर्माण को बहाल करने की मांग

**पुसौर।** पुसौर जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम सुकुलभठली के कुछ पीएम आवास हितग्राहियों द्वारा पीएम आवास बनाते समय शासन प्रशासन लोगों के साथ कुछ स्थानीय लोग मिलकर पंचनामा सहित अन्य दस्तावेज प्रस्तुत करते हुए रोक लगाया है। इससे योजना का संवैधानिक लाभ हितग्राही को नहीं मिल रहा है। वहीं आवेदकों ने वित्तमंत्री ओपी चौधरी को आवेदन प्रस्तुत किया है। साथ ही पुसौर में आयोजित जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर में आवेदन प्रस्तुत किया है। जानकारी के मुताबिक विजय कुमार, आनंद, सुरज सुशील सभी पिता दाताराम तथा चित्रा पति दाताराम के नाम से पीएम आवास स्वीकृत हुआ है जो पुसौर गढ़उमरिया रोड किनारे सुकुलभठली के सीमा स्थित अपने पीढ़ी दर पीढ़ी से निवासरत भूमि में आवास बना रहे थे जो छत स्तर तक पहुंच चुका है। ऐसे स्थिति सुकुलभठी के रामेश्वर पटेल, ललित प्रधान, कृष्णचंद प्रधान वगैरह ने तहसीलदार के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर इस पर रोक लगा दी है। उसे बहाल करने की मांग की गई है।



## छत्तीसगढ़ में धर्मान्तरण रोकने नया कानून स्वागतेय : टीकाराम

**धरमजयगढ़।** छत्तीसगढ़ में अवैध धर्मांतरण को रोकने के लिए सरकार ने छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य विधेयक.2026 पारित किया हैए जो अत्यंत कठोर है। कानून का स्वागत करते हुए प्रदेश भाजपा के संयोजक टीकाराम पटेल एवं जिला भाजपा सदस्य महेश चैनानी ने एक संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि इस नए कानून के तहत जबरन, लालच या धोखे से धर्म परिवर्तन कराने पर आजीवन कारावास तक की सजा और भारी जुर्माने 5 से 30 लाख तक का प्रावधान है। यह कानून गैर.जमानती है और इसमें 10.20 साल की कैद भी शामिल है। विज्ञप्ति में कहा गया है की इस नये कानून से घबराकर कुछ विधर्मी संघ और हिन्दु ध्वजवाहकों पर अनर्गल आरोप प्रत्यारोप करने में लग गये हैं।

